हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 20 सितंबर 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 दशलक्षण पर्व पर जिनालयों में हो रहे मंगलाष्टक...



07 राधारानी की भव्य शोभायात्रा ने मोहा मन, पाण्डा और गोरिल्ला...



खबर संक्षेप

मृत गोवंश के अंतिम संस्कार के लिए भूमि आवंटन की मांग उठाई

विदिशा। मृत गोवंश के अंतिम संस्कार एवं भूमि समाधि के लिए उपयुक्त भूमि आवंटित करने की मांग को लेकर सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। समिति ने बताया कि निर्धारित स्थान नहीं होने से कई जगह अस्वच्छता और दुर्गंध की स्थिति बनती है। धार्मिक एवं सामाजिक भावनाओं को देखते हुए समिति ने शहर या आसपास शासकीय भूमि में उपयुक्त स्थान चिन्हित कर अंतिम संस्कार के लिए आवंटित करने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में अध्यक्ष रामराज सिंह दांगी, महामंत्री पं. विजय दीक्षित, कोषाध्यक्ष डॉ. संतोष जैन आदि मौजूद रहे।

गौ सम्मान आह्वान अभियान को मिला संत समाज का समर्थन

ग्यारसपुर। क्षेत्र श्री महंत विकास गिरी जी महाराज बंडवा ने गौ सम्मान आवाहन अभियान का समर्थन करते हुए गोसेवा के लिए समाज को एकजुट होने का आह्वान किया। महाराज जी के मार्गदर्शन में आसपास के गांव बोरी, रामपुर, मनकापुर, घटेरा, पुरा गोसाई, सुआखेड़ी, तेवरी, चाठोली, घोसुआ, हिनोतिया, लखनगार, चिरावटा, इंदरवास एवं आटासेमर में संपर्क-संवाद किया गया। अभियान के दौरान ग्रामीणों से गौ संरक्षण एवं सेवा को लेकर चर्चा की गई। वहीं अभियान को मजबूत बनाने के लिए 11 सदस्यों की टीम का गठन किया गया। टीम गांव-गांव पहुंचकर लोगों को गौसेवा के प्रति जागरूक करेगी और अभियान को व्यापक रूप देने का कार्य करेगी।

16 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

ग्यारसपुर। अपनी लंबे समय से लंबित 16 सूत्रीय मांगों के निराकरण की मांग को लेकर ग्यारसपुर जनपद पंचायत की 71 ग्राम पंचायतों के सचिवों ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री के नाम जनपद पंचायत सीईओ जितेंद्र जैन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पंचायत सचिवों ने कहा कि संगठन की मांगों को लेकर शासन द्वारा जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो प्रदेशभर के पंचायत सचिव अपने न्यायोचित, लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक अधिकारों के तहत चरणबद्ध आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान सचिव संघ के ब्लॉक अध्यक्ष पृथ्वीराज मीणा सहित ग्यारसपुर जनपद क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों के सचिव मौजूद रहे।

बाल संरक्षण कानूनों का प्रशिक्षण दिया गया

विदिशा। मिशन वात्सल्य योजना के तहत शनिवार को जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित हुई। प्रशिक्षण में किशोर न्याय अधिनियम-2015, पॉक्सो एक्ट, बाल संरक्षण प्रक्रियाओं और अधिकारियों की भूमिका की जानकारी दी गई। उदयन केयर संस्था के बाकर एवं अंकित बांके ने प्रशिक्षण दिया। अनुज जैन ने स्पॉन्सरशिप योजना की पात्रता, प्रक्रिया और बच्चों को मिलने वाली सहायता के बारे में बताया।

336 साल प्राचीन राधारानी मंदिर के पट खुले, दर्शनों के लिए उमड़ा सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

राधाष्टमी पर शनिवार को शहर के प्राचीन राधारानी मंदिर में आस्था का सैलाब उमड़ा। करीब 338 साल पुरानी परंपरा के तहत मंदिर के पट साल में सिर्फ एक दिन राधाष्टमी पर आम श्रद्धालुओं के लिए खोले गए। दोपहर में पट खुलते ही राधारानी के दर्शन के लिए मंदिर के बाहर लंबी कतारें लग गईं। भक्त घंटों इंतजार करते हुए राधे-राधे के जयकारे लगाते रहे।

वर्ष 1669 के आसपास औरंगजेब के शासनकाल में ब्रज क्षेत्र के मंदिरों पर हमलों के दौरान राधारानी की मूर्ति को सुरक्षित रखने के लिए वृंदावन से विदिशा लाया गया था। कई दिनों की यात्रा के बाद मंदिर के पुजारी के पूर्वज विदिशा पहुंचे और यहां सुरक्षित स्थान पर मूर्ति की स्थापना कर पूजा शुरू की। परिवार की आठवीं-नौवीं पीढ़ी आज भी मंदिर की सेवा से जुड़ी है। पहले मूर्ति खुले स्थान पर थी, बाद में हवेली में रखी गई और समय के साथ यही हवेली मंदिर में बदल गई। आज दोपहर 12 बजे मंदिर के पट बंद किए जाएंगे।



विदिशा। राधारानी के दर्शनों के लिए उमड़ी भीड़।

50 हजार से अधिक श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे

गुप्त पूजन की परंपरा पूरी होने के बाद दोपहर में भक्तों के लिए मंदिर के पट खोले गए। अब लगातार करीब 35 घंटे तक श्रद्धालु राधारानी के दर्शन कर सकेंगे। 9 इंच की अष्टधातु प्रतिमामंदिर में राधारानी की करीब 9 इंच की प्राचीन अष्टधातु प्रतिमा विराजमान है। उनके साथ राधावल्लभ जी, ललिता, विशाखा, चित्रा, चंपा और लता सहित सखियों की प्रतिमाएं भी हैं। पुजारी पं. मनमोहन शर्मा के अनुसार यह प्रतिमा वर्ष 1669 से पहले वृंदावन में यमुना किनारे स्थित राधा रंगीराय मंदिर में स्थापित थी। मंदिर में सालभर गुप्त रूप से पूजा-अर्चना होती है। श्रद्धालुओं के लिए वर्ष में केवल राधा अष्टमी के अवसर पर एक बार कपाट खोले जाते हैं। पुजारी के अनुसार यह परंपरा 336 वर्षों से भी अधिक समय से चली आ रही है।

सालभर गुप्त रूप से होती है पूजा

मंदिर की विशेष परंपरा के अनुसार राधारानी की पूजा सालभर गुप्त रूप से की जाती है। आम श्रद्धालुओं को सिर्फ राधाष्टमी के दिन दर्शन मिलते हैं। इसी कारण विदिशा के अलावा आसपास के क्षेत्रों और दूसरे शहरों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु नंदवाना पहुंचते हैं। मंदिर के पुजारी के अनुसार यह परंपरा करीब 336 साल पुरानी है।

दशावतार की प्रस्तुति से अभिभूत हुए केंद्रीय कृषि मंत्री, बोले: 10 मिनट में भगवान विष्णु के दशावतार के दर्शन करा दिए; छात्र-छात्राओं को पढ़ाई में आगे बढ़ने का दिया संदेश

वात्सल्य में गणपति महोत्सवः शिवराज बोले- बेटियां अद्भुत, इन्हें देवी मानकर करें सम्मान

गणेशोत्सव के छठवें दिन वात्सल्य स्कूल में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पहुंचे। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद छात्रों को गणेशजी की कहानी सुनाकर माता पिता, शिक्षक का सम्मान करने और आज्ञा मानने की शिक्षा दी।



विदिशा। कार्यक्रम में शामिल होने आए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का स्वागत करते हुए देवना अरोरा।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

वात्सल्य विद्यालय में चल रहे गणपति महोत्सव के छठवें दिन शनिवार को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान पहुंचे।

छात्रों ने बैंड के साथ उनका स्वागत किया। विद्यालय परिसर में उन्होंने पौधरोपण किया और भगवान गणेश की आराधना की। संस्था की संचालक देवना अरोरा, नम्रता अरोरा, प्रतीक कोहली, रुचिरा अरोरा एवं संजय शर्मा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने महिला सशक्तिकरण और भगवान विष्णु के दशावतार पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। दशावतार की प्रस्तुति देखकर केंद्रीय मंत्री ने छात्रों और विद्यालय प्रबंधन की सराहना की। उन्होंने कहा धन्य है वात्सल्य विद्यालय, जिसने 10 मिनट में भगवान विष्णु के दशावतार के दर्शन करा दिए। महिला सशक्तिकरण पर उन्होंने कहा कि बेटियां अद्भुत हैं और उनके लिए बेटियां देवियां हैं। बेटियों का कभी अनादर नहीं होना चाहिए। गणेशजी की कहानी का उल्लेख करते हुए उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि माता-पिता और गुरु का कभी अपमान नहीं करना चाहिए। माता-पिता से प्रेम करें और उनकी आज्ञा का पालन करें। छात्र जीवन में माता-पिता और गुरु का महत्वपूर्ण योगदान होता है, इसलिए उनका सदैव सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री लखन पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, खादी ग्राम उद्योग उपाध्यक्ष राकेश सिंह जादौन, विधायक हरिसिंह सप्रे, राजश्री रुद्रप्रताप सिंह, श्यामसुंदर शर्मा, राकेश कटारे, तीरथ दरबार सहित नगर के वरिष्ठ नागरिक मौजूद रहे। शाम को विद्यालय परिसर में सुंदरकांड का आयोजन हुआ। इसमें विद्वान एवं वरिष्ठ ब्राह्मणजन शामिल हुए। उनका सम्मान कर आशीर्वाद लिया गया। अंत में संस्था प्रमुख देवना अरोरा एवं नम्रता अरोरा ने अतिथियों का आभार जताया।

खुद को कमजोर नहीं समझें छात्र

शिवराज सिंह चौहान ने विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि कोई भी बच्चा स्वयं को कमजोर न समझे। ईश्वर ने सभी को बुद्धि और क्षमता दी है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति में ईश्वर का अंश है, इसलिए खुद को कमजोर समझने के बजाय आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने बच्चों को खूब पढ़ने और जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों के बीच जाकर उन्हें गले लगाया और आशीर्वाद दिया।

टॉपर को 25-25 हजार की लैपटॉप राशि

कार्यक्रम में गुरुकृपा छात्रवृत्ति के तहत कक्षा 10वीं की छात्रा गौरी बघेल तथा कक्षा 12वीं के जिला टॉपर विद्यार्थियों को लैपटॉप राशि प्रदान की गई। वाणिज्य संकाय के अंगराज यादव, कला संकाय की देविका रघुवंशी और विज्ञान संकाय के कुशाग्र पाल को 25-25 हजार रुपए की राशि दी गई। महोत्सव की व्यवस्थाओं और विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों से प्रसन्न होकर केंद्रीय मंत्री ने विद्यालय प्रबंधन की प्रशंसा की।

कमर तक पानी भरा, घरों में राशन और बाहर रखे वाहन तक डूब गए

लटेरी की भैया कॉलोनी में हालत खराब



विदिशा। कॉलोनी में घुटने घुटने पानी भरने के बाद निकलते हुए रहवासी।

हरिभूमि न्यूज ⏭लटेरी

लटेरी में बीती रात हुई मूसलाधार बारिश के बाद भैया कॉलोनी में कई घरों और दुकानों में कमर तक पानी भर गया। रात करीब 2 बजे पानी घरों में घुसना शुरू हुआ। देखते ही देखते कमरों और घरों में पानी भर गया। इससे लोगों का राशन, गेहूं, घरेलू सामान और वाहन पानी में डूब गए। जलभराव से परेशान रहवासियों ने सड़क पर चक्काजाम कर दिया। सूचना मिलने पर प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाइश दी। अधिकारियों की समझाइश के बाद रहवासियों ने चक्काजाम खत्म किया।

कॉलोनी में पानी भरने के बाद लोग रातभर जागकर घरों से पानी निकालते रहे। नीचे रखा गेहूं और राशन भींगने से खराब हो गया। घरेलू सामान को भी नुकसान पहुंचा है। कॉलोनी में दुकान और अन्य कारोबार करने वाले लोगों को भी नुकसान उठाना पड़ा। पीड़ित दीपक शर्मा ने बताया कि रात करीब 2 बजे से घर के चारों तरफ पानी भरा है। घर के अंदर भी पानी घुस गया। नीचे रखा राशन और गेहूं खराब हो गया।

बच्चों और बुजुर्गों को भी हुई परेशानी

पानी भरने से बच्चों, बुजुर्गों और परिवार के अन्य सदस्यों को काफी परेशानी हुई। कई लोग घर का सामान सुरक्षित जगह पर रखने में जुटे रहे। कुछ लोग बाल्टी और अन्य साधनों से पानी निकालते रहे। रहवासियों का कहना है कि तेज बारिश के दौरान हर साल कॉलोनी में पानी भर जाता है। बारिश के पानी की निकासी का पर्याप्त इंतजाम नहीं होने के कारण पानी सीधे घरों में घुस जाता है। लोगों का कहना है कि हर बार बारिश में घरों और सामान को नुकसान होता है, लेकिन अब तक इसका स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। चक्काजाम के दौरान रहवासियों ने प्रशासन से मौके का निरीक्षण कराने और जल निकासी की व्यवस्था सुधारने की मांग की।

सिर्फ 2 साल में उखड़ने लगी मानोरा से धोखेड़ा की सड़क, वाहन चालक परेशान

हैदरगढ़। मानोरा से धोखेड़ा-हैदरगढ़ तक करीब 15 किलोमीटर लंबी पीडब्ल्यूडी सड़क का निर्माण लगभग दो ढाई वर्ष पहले किया गया था, लेकिन वर्तमान में सड़क पर जगह-जगह गड्ढे दिखाई दे रहे हैं। गड्ढों के कारण वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क की स्थिति के कारण कई राहगीर घायल भी हो चुके हैं।सड़क की खराब हालत को लेकर करीब एक वर्ष पहले भी समाचार पत्रों में खबर प्रकाशित की जा चुकी है, लेकिन इसके बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ।

ग्रामीण सड़क निर्माण की गुणवत्ता और रखरखाव को लेकर सवाल उठा रहे हैं तथा संबंधित विभाग से जांच की मांग कर रहे हैं। हालांकि ठेकेदार की कार्य गुणवत्ता पर सवालसड़क पर एक और लापरवाही सामने आ रही है। सड़क के दोनों ओर बनाई जाने वाली सफेद साइड लाइन कई स्थानों पर अधूरी दिखाई दे रही है। कहीं कुछ मीटर तक लाइन बनाई गई है तो कुछ दूरी पर उसे छोड़ दिया गया है। इसी तरह पूरी सड़क पर सफेद पट्टी का काम असमान नजर आ रहा है।इस संबंध में पीडब्ल्यूडी के एसडीओ रवि चिरार ने कहा कि हम क्या कर सकते हैं प्लांट चालू होगा तब गड्ढे भरवा पाएंगे। अब देखना होगा कि विभाग कब तक सड़क की मरम्मत कराकर राहगीरों को राहत देता है।



प्रतियोगिता के लिए पंजीयन शुरू, 22 सितंबर अंतिम तारीख

विदिशा। इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता 2026-2028 के लिए ऑनलाइन पंजीयन शुरू हो गया है। कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय तथा राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता में 63 इंडस्ट्री-रेडी स्किल्स शामिल हैं। इनमें रोबोटिक्स, क्लाउड कंप्यूटिंग, साइबर सिक्योरिटी, वेब टेक्नोलॉजी, वेल्डिंग, कुकिंग, फैशन टेक्नोलॉजी और ऑटोमोबाइल जैसे कौशल शामिल हैं। राष्ट्रीय विजेताओं को 2028 में जापान के आइची में होने वाली वर्ल्ड स्किल्स प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। इच्छुक युवा 22 सितंबर तक skilli ndiadigi-tal .gov .in पर पंजीयन कर सकते हैं।

छात्रों की गूंज कार्यक्रम में सुना राहुल गांधी का संबोधन

कार्यक्रम में शिक्षा, रोजगार और पेपर लीक जैसे मुद्दों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

- छात्राओं की सुरक्षा व अधिकारों से जुड़े विषय भी उठाए गए।

इंदौर में आयोजित कांग्रेस के 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम का शनिवार को जिला कांग्रेस कार्यालय सहित जिले के विभिन्न ब्लॉक मुख्यालयों पर एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता एक साथ बैठकर राहुल गांधी का संबोधन सुनते नजर आए। ब्लॉक अध्यक्ष रवि साहू ने बताया कि इंदौर में राहुल गांधी ने विद्यार्थियों और युवाओं से संवाद करते हुए शिक्षा, रोजगार, प्रतियोगी परीक्षाओं और पेपर लीक सहित युवाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर बात की। उन्होंने महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा व अधिकारों से जुड़े विषय भी उठाए। कार्यक्रम के दौरान युवाओं की समस्याओं और सुझावों को प्रमुखता से सामने रखा गया। शर्मा ने बताया कि 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम के जरिए विद्यार्थियों से मिले सुझावों को कांग्रेस की राजनीतिक प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा। विदिशा में एलईडी स्क्रीन पर प्रसारण शुरू होते ही कांग्रेस कार्यकर्ता कार्यक्रम देखने के लिए जुट गए। ब्लॉक मुख्यालयों पर भी कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से लाइव प्रसारण देखा और संबोधन में उठाए गए मुद्दों पर चर्चा की। इस अवसर पर रणधीर सिंह ठाकुर, बसंत जैन, महेंद्र वर्मा, महेंद्र यादव, पंकज जैन, प्रभुदयाल यादव, प्रवीण बसिया, जिनेश जैन, राजेश दुबे, श्याम रघुवंशी, सुशील शर्मा सुजीत देवालिया, राजकुमार पांसी, प्रसंग जैन, नवनीत कुशवाह, कालूराम मीणा, सुनील दांगी, नीलू यादव, जावेद मंसूरी, इमरान जावेद, लक्ष्मीनारायण बघेल, गोविंद चौबे, कपिल गोस्वामी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सेवा संकल्प अभियान में विद्यार्थियों ने दिखाई कला, तूबा खान रहीं प्रथम

भाषण प्रतियोगिता में 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

कुरवाई। सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुरवाई में सेवा संकल्प अभियान के तहत भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में बालिकाओं की सहभागिता अधिक रही, वहीं बालकों ने भी उत्साह के साथ हिस्सा लिया। कुल 12 विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में अपने विचार रखे। तूबा खान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने देश के विकास और वर्ष 2047 के भारत की तस्वीर को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका, शिक्षा, अनुशासन और जिम्मेदार नागरिक बनने जैसे विषयों पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं जनभागीदारी समिति अध्यक्ष सीताराम सैनी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्य रश्मिकांत श्रीवास्तव ने शाल-श्रीफल भेंट कर उनका स्वागत किया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सीताराम सैनी ने कहा कि भाषण देना भी एक कला है। विद्यार्थियों के लिए अपने विचारों को प्रभावी ढंग से व्यक्त करना और अपनी बात रखना सीखना आवश्यक है। उन्होंने प्रतियोगिता में शामिल सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे आगे बढ़कर स्वयं के साथ देश की उन्नति में भी योगदान दें। कार्यक्रम के समापन पर प्राचार्य ने अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। संचालन शिक्षक अभिषेक सिंह राजपूत ने किया।

गांवों में आय के नए स्रोत विकसित कर ग्रामीणों को सशक्त बनाने पर जोर

जिला समृद्धि मॉडल परियोजना का हुआ शुभारंभ

- स्वरोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराना है उद्देश्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

गांवों को गरीबी मुक्त और आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने की दिशा में विदिशा से जिला समृद्धि मॉडल परियोजना का शुभारंभ किया गया।

ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री तथा सांसद शिवराज सिंह चौहान और जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल ने परियोजना की शुरुआत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ाना और गांवों में रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि गरीबी से स्थायी मुक्ति के लिए परिवारों की आय के विविध और स्थायी स्रोत विकसित करना जरूरी है।

परियोजना के तहत प्रत्येक गांव की स्थानीय परिस्थितियों, उपलब्ध संसाधनों और बाजार की संभावनाओं के आधार पर विकास की कार्ययोजना तैयार की जाएगी। कृषि के साथ पशुपालन, दुग्ध उत्पादन, उद्यानिकी, मत्स्य पालन, खाद्य प्रसंस्करण, लघु उद्योग, ग्रामीण पर्यटन और अन्य आयवर्धक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा। चौहान ने कहा कि ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं का समन्वित लाभ दिलाने के साथ तकनीकी प्रशिक्षण, ऋण और बाजार से जोड़ना जरूरी है। प्रभारी मंत्री लखन पटेल ने कहा कि परियोजना से ग्रामीण संसाधनों का बेहतर उपयोग होगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। ग्राम पंचायत, स्व-सहायता समूह, किसान समूह और युवा मिलकर गांवों की आर्थिक संभावनाओं को आगे बढ़ाएंगे। जिपं अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, शमशाबाद विधायक सूर्य प्रकाश मीना, कुरवाई विधायक हरिसिंह सप्रे, बासौदा विधायक हरिसिंह रघुवंशी नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-5980
सरसों
न्यूनतम भाव-5950
उच्चतम भाव-7570
चना
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-6400
मसूर
न्यूनतम भाव-5360
उच्चतम भाव-8800
शरबती
न्यूनतम भाव-3575
उच्चतम भाव-5205
गेंहू 1544
न्यूनतम भाव-2550
उच्चतम भाव-3050
मालवा शक्ति
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-2600
बटरी
न्यूनतम भाव-3150
उच्चतम भाव-3150
मूंग
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-7126
उड़द
न्यूनतम भाव-2360
उच्चतम भाव-6490
मटर
न्यूनतम भाव-3100
उच्चतम भाव-3100
धान
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-2000
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2750
उच्चतम भाव-3420

कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मंडी में शनिवार को अनेक किसान अपनी उपज नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 3158 बोरे उपज की आवक दर्ज की गई।

खबर संक्षेप

पोल शिफ्टिंग के चलते बिजली प्रदाय रहा बंद



गंज बासौदा। शनिवार को बासौदा उपकेंद्र से संचालित 11 केवी सिटी फीडर में पोल शिफ्टिंग कार्य किया गया। जिसके चलते सुबह 10 बजे से दोपहर तक बिजली प्रदाय बंद रहा। जिसके कारण गीता टॉकीज, नई बस्ती, रविदास कॉलोनी, नानाजी वाली गली, मछली मार्केट, पोस्ट ऑफिस, ओल्ड बस स्टैंड, हॉस्पिटल ,न्यू नगरपालिका, बूढ़ापुरा, सदर बाजार, हनुमान चौक, सावरकर चौक, नवांकुर स्कूल वाली गली, चांदसी हॉस्पिटल क्षेत्र में विद्युत प्रदाय प्रभावित हुआ।

रासेयो इकाई के तत्वावधान में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



नगर के सैण्ट एसआरएस पब्लिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में स्वच्छता ही सेवा विषय को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर प्रदर्शन किया। वहीं नगर पालिका परिषद के पूर्व स्वास्थ्य अधिकारी आरके नेमा ने छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि अब पूरे देश में स्वच्छता को लेकर कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। उसी क्रम में आपके विद्यालय में भी यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जब हम स्वयं एवं अपने आसपास के परिसर को स्वच्छ रखेंगे, तो हम तन मन धन से स्वस्थ रहेंगे, क्योंकि गंदगी हमारे शरीर को बीमार करती है, जब शरीर बीमार हो जाता है तो हमारा मन भी सही कार्यों में नहीं लगता। बीमारियों को दूर करने के लिए हमें दवा आदि पर धन व्यय करना पड़ता है। अर्थात गंदगी से हमें तन मन और धन सब की हानि होती है। हम अपने घरों के साथ-साथ आसपास के वातावरण को भी स्वच्छ बनाने में मदद करें। उन्होंने कहा कि नगर में आज 40 प्रतिशत ही कचरा इकट्ठा किया जा रहा है, जो 10 टन के बराबर होगा। अगर हमें पूरा कचरा मिल जाए, तो लगभग 25 टन कचरा होगा। इस कचरे से हम खाद बना रहे हैं और नर्सरी, किसानों आदि को बेच कर नगर पालिका के लिए धन अर्जित कर रहे हैं।

संस्था के डायरेक्टर केएस यादव ने कहा कि हम सभी को साफ सफाई अभियान में भागीदारी करना चाहिए, ताकि हमारे साथ-साथ हमारा नगर भी स्वच्छ बने। आज नगर पालिका से घर-घर कचरा गाड़ी कचरा एकत्रित करने के लिए जा रही है, जो हमारे लिए सौभाग्य की बात है। हमें कचरे को कैटेगरी में बांट कर कचरा गाड़ी में डालना चाहिए, ताकि उस कचरे से अलग-अलग उत्पाद बनाए जा सकें। अगर हम कचरे को मिलाकर कचरा गाड़ी में डालेंगे, तो वह हमारे लिए उपयोगी सिद्ध नहीं होगा। वहीं शर्मा ने कहा हमें बाहर जाते समय थैले का उपयोग करना चाहिए। क्योंकि प्लास्टिक की थैलियां आज हमारे पर्यावरण को ही प्रदूषित नहीं कर रही, बल्कि गौवंश एवं अन्य जानवरों के लिए काल बन रही हैं। हम घर में जैसा व्यवहार करेंगे, वैसा ही हमारे बच्चे सीखेंगे। यदि हम पर्यावरण को दूषित होने से बचाएंगे, तो हमारे छोटे-छोटे बच्चे भी भविष्य में पर्यावरण को दूषित होने से बचाएंगे और साफ सफाई पर ध्यान देंगे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित छात्र-छात्राओं, शिक्षकों ने स्वच्छता के लिए शपथ ग्रहण की।

जुर्माने के बाद भी लापरवाही से डाली जा रही फाइबर लाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



इन दिनों नगर के अलग अलग हिस्सों एवं मुख्य मार्गों पर फाइबर लाइन डाली जा रही है, लेकिन लाइन डालने वाली एजेंसी और कर्मचारी पहले की तरह ही लापरवाही पूर्वक मशीन से ड्रिल कर फाइबर लाइन डाल रहे हैं। जिससे आए दिन जलप्रदाय लाइन क्षतिग्रस्त हो रही हैं। पिछले दिनों भी एजेंसी द्वारा राजेन्द्र नगर वार्ड नंबर 20 में फाइबर लाइन डाली गई, लेकिन लापरवाही से डली यह लाइन नपा की जल सप्लाई पाइपलाइन को बीच में से फाड़कर दूसरी तरफ निकल गई। जिससे क्षेत्र में दो दिन तक जलप्रदाय बाधित रहा और नागरिकों को खासी दिक्कतों का सामना करना पडा।

उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी बीएसएनएल की लाइन बिछाने वाली एजेंसी ऐसी ही लापरवाही खुदाई कर चुकी है। जिससे जयस्तंभ चौक पर तो नपा की मुख्य जलप्रदाय लाइन दो जगह से क्षतिग्रस्त हो गई थी। बाद में इस लापरवाही का जुर्माना भी लगाया गया था। इसके बाद भी एजेंसी ने कोई सबक नहीं लिया और अब फिर से लापरवाही के साथ फाइबर लाइन बिछाने के लिए मनमाने ढंग से ड्रिल की जा रही है। नागरिकों ने नपा प्रशासन से एजेंसी पर सख्त कार्रवाई कर क्षतिपूर्ति राशि जमा कराने की मांग की है।

त्रिमूर्ति दिगंबर जैन मंदिर में निर्वाण लाडू चढ़ाकर मनाया गया भगवान मोक्ष कल्याणक महोत्सव

दशलक्षण पर्व पर जिनालयों में हो रहे मंगलाष्टक, अभिषेक,शांतिधारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा





गत 16 सितंबर से जैन समाज के महापर्व दशलक्षण पर्व शुरु हो गए हैं। जिसके चलते नगर के समस्त जिनालयों एवं चैत्यलियों में प्रातः काल से मंगलाष्टक, अभिषेक शांति धारा हो रही है। इसके पश्चात तत्वार्थ सूत्र का वाचन एवं व्याख्यान, दोपहर में मंदिर में विधान एवं शाम को मंगल आरती के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हो रहे हैं।

मुख्य कार्यक्रम हो रहे महावीर विहार में

गंजबासौदा। मुख्य कार्यक्रम भगवान महावीर विहार में आचार्य विद्यासागर महाराज के मंगल आशीर्वाद एवं आचार्य श्री समय सागर महाराज की शिष्या बाल ब्रह्मचारी सुनीता दीदी, बाल ब्रह्मचारी संगीता दीदी इंदौर व्रती श्राविका आश्रम के मंगल सानिध्य में स्टेशन जैन मंदिर एवं भगवान महावीर विहार में प्रतिदिन मंगल पूजन एवं दसधर्म पर देशना का लाभ मिल रहा है। भगवान महावीर विहार में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रथम दिन एक मिनट प्रतियोगिता संपन्न हुई, द्वितीय दिवस धार्मिक अंताक्षरी संपन्न हुई तथा तृतीय दिवस खुल जा सिम सिम संपन्न हुआ। उक्त जानकारी सकल जैन समाज के मंत्री सतीश जैन मंत्री द्वारा देते हुए बताया गया कि मुनि श्री के प्रवचनों में जैन धर्म में क्रोध को प्रमुख कषाय माना गया है जो मनुष्य की शांति और विवेक को प्रभावित करता है। क्रोध के कारण व्यक्ति स्वयं के साथ दूसरों को भी दुःख पहुँचा सकता है। जैन दर्शन क्रोध के स्थान पर क्षमा, संयम और शांति अपनाने का संदेश देता है। क्रोध पर नियंत्रण रखना आत्मसंयम और आत्मविजय का मार्ग है। क्षमा और विनम्रता के भाव से जीवन में शांति तथा सकारात्मकता का विकास होता है। जैन धर्म में मान को प्रमुख कषायों में से एक माना गया है, जो अहंकार और अभिमान को जन्म देता है। मान के कारण व्यक्ति स्वयं को दूसरों से श्रेष्ठ समझने लगता है। जैन दर्शन विनम्रता और सरलता के माध्यम से मान का त्याग करने का संदेश देता है। सच्ची महानता पद, धन या प्रतिष्ठा में नहीं, बल्कि विनम्र व्यवहार में है। अभिमान छोड़कर सभी के प्रति सम्मान और मधुरता का भाव रखना आवश्यक है। विनम्रता को अपनाना ही आत्मशुद्धि और उत्तम मार्दव धर्म की ओर कदम है।

निर्वाण लाडू चढ़ाकर मनाया गया भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव

गंजबासौदा। बरेठ रोड स्थित श्री 1008 त्रिमूर्ति दिगंबर जैन मंदिर परिसर में पर्यूषण पर्व के चौथे दिन उत्तम शौच धर्म की आराधना बड़े ही भक्ति भाव के साथ की गई। वहीं नित्य अभिषेक एवं सामूहिक संगीतमय पूजन के साथ जैन धर्म के नौवें तीर्थंकर भगवान पुष्पदंत स्वामी का मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया गया। श्री त्रिमूर्ति दिगंबर जैन मंदिर के अध्यक्ष पुनीत जैन एवं महामंत्री शैलेंद्र जैन बड़कुल मोटर्स ने बताया कि प्रतिदिन प्रातः काल देव-शास्त्र-गुरु की धर्माराधना तथा सायंकाल व रात्रि में विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। वहीं भगवान पुष्पदंत स्वामी के मोक्ष कल्याणक के पावन अवसर पर सामूहिक निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। सायंकालीन सत्र का शुभारंभ सायं 7 बजे श्री 1008 त्रिमूर्ति जिनेन्द्र भगवान की संगीतमय महामंगल आरती के साथ हुआ। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हाथों में दीप प्रज्वलित कर भक्ति भाव से भगवान की आरती उतारी, जिससे संपूर्ण मंदिर प्रांगण भक्तिमय भजनों एवं जयकारों से गुंजायमान हो उठा। इसके पश्चात सायं 8 बजे पूज्य शास्त्र वचनिका का आयोजन हुआ, जिसमें पधारे विद्वानों ने दसलक्षण पर्व के नैतिक, आध्यात्मिक एवं व्यावहारिक पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए उत्तम शौच धर्म के पालन का संदेश दिया, जिसमें विद्वानों ने कहा उत्तम शौच धर्म के पालन करने से मन के विकार समाप्त होते हैं और निर्मल मन मनुष्य के नजरिये को निश्चल कर देता है। कुण्डलपुर में विराजमान मुनि समता सागर महाराज ने अपने देशना में बताया कि उत्तम शौच हमें अपने भीतर की पवित्रता को पहचानने और उस पर जमा विकारों की गंदगी हटाने की प्रेरणा देता है। आत्मा के भीतर अनंत गुणों का खजाना मौजूद है, जरूरत केवल विकारों का कचरा हटाने की है। रात्रिकालीन सत्र में 'महिला जैन मिलन' की सदस्यों द्वारा 'लकड़ी का खेल' नाटक का अत्यंत सुंदर, मनमोहक एवं भावपूर्ण मंचन किया गया। महिला जैन मिलन की बहनों ने अपनी सशक्त अभिनय कला के माध्यम से जीवन के इस शाश्वत सत्य को उजागर किया कि जन्म से लेकर मृत्यु तक इंसान किस प्रकार लकड़ी का ही सहारा लेता है, जीते भी लकड़ी, मरते भी लकड़ी। नाटक के माध्यम से दर्शाया गया कि बालक का पालना लकड़ी का, पढ़ाई की टेबल और खिलौने लकड़ी के, चलने की लाठी लकड़ी की और अंत समय में अंतिम यात्रा की शैया व चिता भी लकड़ी की होती है। इस मर्मस्पर्शी प्रस्तुति के माध्यम से संदेश दिया गया कि जब संसार की हर भौतिक वस्तु नश्वर है और लकड़ी का सहारा ही जीवन का अंतिम सत्य है, इसलिए मोह-माया छोड़कर धर्म, भक्ति, सेवा एवं परोपकार के मार्ग पर चलना चाहिए।

मेडिकल स्टोरों पर अनियमितताएं मिलने पर की गई कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

कलेक्टर के आदेश के अनुपालन में औषधियों के क्रय-विक्रय की वैधानिक जांच सुनिश्चित करने हेतु गठित संयुक्त निरीक्षण दल द्वारा मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। जिसमें गत दिवस श्रीमाता नर्मदे मेडिकल, ग्राम बहलोट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि संबंधित मेडिकल स्टोर को थोक विक्रय का लाइसेंस प्रदाय किया गया है, जबकि संचालक द्वारा खुदरा स्तर पर भी औषधियों का विक्रय किया जा रहा था। उक्त अनियमितता को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। निरीक्षण दल द्वारा मुस्कान मेडिकल, अनुराग मेडिकल तथा गोस्वामी मेडिकल, सिरोंज रोड का भी निरीक्षण किया जाना था, किंतु संबंधित स्थानों पर दवा दुकानें बंद पाई गईं। स्थानीय स्तर पर पूछताछ करने पर जानकारी प्राप्त हुई कि उक्त स्थानों पर वर्तमान में कोई मेडिकल स्टोर संचालित नहीं हो रहा है। उक्त कार्रवाई मेडिकल ऑफिसर डॉ. विजय दिवाकर, औषधि निरीक्षक जॉन प्रवीण कुजूर, पटवारी अनिल शर्मा, पटवारी रामस्वरूप रघुवंशी तथा पुलिस प्रशासन से पुष्पेंद्र सिंह यादव की संयुक्त टीम द्वारा की गई।

प्रशासन द्वारा औषधियों के क्रय-विक्रय एवं लाइसेंस संबंधी नियमों के प्रभावी पालन हेतु ऐसे निरीक्षण अभियान निरंतर जारी रखे जाएंगे, जिससे आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण औषधियां उपलब्ध कराई जा सकें।

नवांकुर विद्यापीठ में चित्रकला व भाषण प्रतियोगिता का किया आयोजन

गंजबासौदा। भारत सरकार के '25 करोड़ बच्चों के सपनों का भारत' अभियान के अंतर्गत नवांकुर विद्यापीठ में चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 6 से कक्षा 12 तक के 84 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। आयोजन को सफल बनाने में उच्चतर माध्यमिक विभाग की दीपिका चौरसिया, मेघा शर्मा, माध्यमिक विभाग की प्रधानाध्यापिका सीमा साध, शिक्षक रामनारायण नरवरिया, रंजना अहिरवार, पिंकी कुशवाह, प्रबल प्रताप सिंह का विशेष योगदान रहा। विद्यालय परिवार द्वारा विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया तथा उनकी रचनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान किया गया। 21 सितंबर को उत्कृष्ट उमावि में संकुल स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई चयनित कलाकृतियों की ब्लॉक स्तरीय प्रदर्शनी 23 सितंबर को सांदीपनी विद्यालय में आयोजित की जाएगी। तत्पश्चात ब्लॉक स्तर से चयनित 15 श्रेष्ठ चित्राकृतियों को जिला स्तरीय प्रदर्शनी के लिए भेजा जाएगा। ब्लॉक स्तर से चयनित 15 पेंटिंग्स की जिला स्तरीय प्रदर्शनी 26 सितंबर को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय विदिशा में आयोजित की जाएगी। विद्यालय के प्राचार्य संदीप कुमार रावत ने प्रतियोगिता में सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी हैं।

नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का किया स्वागत

कृषि महाविद्यालय में दीक्षारंभ कार्यक्रम का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

कृषि महाविद्यालय में बीएससी एग्री ऑनर्स प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ उत्सव और व्याख्यान माला का आयोजन हुआ। जिसमें नगर के सुप्रसिद्ध एडवोकेट नरेंद्र व्यास एवं एडवोकेट रुचि जैन के द्वारा भारतीय संविधान की प्रस्तावना, गठन से लेकर नीति निर्देशक तत्वों एवं संविधान के मूल तत्व, संविधान में निहित मूल कर्तव्य, नागरिकों के लिए समानता का अधिकार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एवं शिक्षा के मूल भूत अधिकार, संवैधानिक के मूल कर्तव्य पर प्रकाश डाला गया। रुचि जैन द्वारा सभी नवीन विद्यार्थियों को पर्यावरण स्वच्छ रखने के लिए एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों से सीख लेने के लिए प्रेरित किया गया।

पर्यावरण तथा कृषि के प्रति हमारी क्या जिम्मेदारी है और इसमें केंद्र सरकार और राज्य सरकारों ने मानव जीवन और स्वास्थ्य के हित में किस प्रकार से सुरक्षा अधिनियम बनाऐ हैं इन सभी बातों की महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। लैंगिक समानता और नागरिक अधिकार व कर्तव्यों की भी सीख दी गई। महाविद्यालय के प्रभारी अधिष्ठाता डॉ. योगेश पटेल एवं सह प्राध्यापक डॉ. जीआर बंसल द्वारा छात्र-छात्राओं का आह्वान किया गया कि सामाजिक, सांस्कृतिक और खेलकूद में अव्वल बने और बढ़-चढ़कर भाग ले और आगामी 4 वर्षों में विद्यार्थी गण पठन-पाठन के द्वारा अपने भविष्य निर्माण के लिए सर्वांगीण व्यक्तित्व का विकास करते हुए पढ़ाई में अव्वल दर्जा प्राप्त करें और अपने समाज परिवार का नाम रोशन करें। इस अवसर पर पालकगण भी उपस्थित हुए और उन्होंने महाविद्यालय में चल रहे शैक्षणिक स्टाफ की एवं अनुसंधान कार्यों की सराहना की। तकनीकी, शैक्षणिक, वैज्ञानिक स्टाफ के सदस्यों द्वारा अपने-अपने पढ़ाये जाने वाले विषय एवं 6th डीन सिलैबस आधारित क्विज मिडटर्म और प्रैक्टिकल सैद्धांतिक परीक्षा की कार्य योजना पर विस्तृत विचार विमर्श विद्यार्थियों के साथ साझा किया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉ. प्रवीण कुमार जगा द्वारा मृदा विज्ञान विषय की महत्वपूर्ण जानकारी नव प्रवेशित बच्चों को दी गई और शत प्रतिशत कक्षाएं लगाने की शपथ दिलाई। इस संपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अरविंद सक्सेना के निर्देशन और मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन एकेडमिक प्रभारी मेजर डॉ. सतीश शर्मा, डॉ. अपर्णा जायसवाल, सहा. प्राध्यापक प्रभारी रावे द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त शैक्षणिक फैकल्टी स्टाफ उपस्थित रहा और सभी फैकल्टी स्टॉफ के द्वारा दीक्षारंभ में अध्यापन किऐ जाने वाले संबंधित विषयों की महत्वपूर्ण जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान करते हुए साझा की गई और इससे समस्त नव प्रवेशित विद्यार्थी लाभान्वित हुए।

सामूहिक जल विहार महोत्सव 22 को

गंजबसौदा। डोल ग्यारस पर डोलो के सामूहिक जलविहार कार्यक्रम इसबार 35 वां वर्ष है। सनातन धर्म सेवा संस्थान समिति के तत्वावधान में डोल महोत्सव सामूहिक चल समारोह 22 सितंबर को होगा। समिति के अनुसार नगर के विभिन्न मंदिरों के डोल गांधी चौक पर एकत्र किए जाएंगे। जहां पूजन अर्चन एवं आरती पंडित केशव शास्त्री द्वारा कराई जाएगी। इसके बाद शाम 6 बजे से विमान चल समारोह नगर भ्रमण के लिए रवाना होगा। जिसका समापन मानस भवन पुराने मेला ग्राउंड में होगा। कार्यक्रम में अतिथियों के रूप में विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेन्द्र रघुवंशी सहित समिति के संरक्षक और समाजसेवी कांतीभाई शाह भी मौजूद रहेंगे। चल समारोह के बाद मानस भवन परिसर में रात्रि 8 बजे से भजन संध्या आयोजित होगी। जिसमें पंडित लखन शर्मा और अमृता करुणेश्वरी भाव प्रवाह भजन प्रस्तुत करेंगी। समिति ने नागरिकों से अधिक संख्या में पधारने की अपील की है।

स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर चलाया चेकिंग अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



पुलिस द्वारा मिशन "सुरक्षित बचपन, सुरक्षित सड़क" के अंतर्गत स्कूली छात्र-छात्राओं की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से क्षेत्र में विशेष संयुक्त यातायात अभियान चलाया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी शिखा भलावी के नेतृत्व में संचालित किया गया।

अभियान में शहर थाना प्रभारी संजय वेदिया एवं यातायात पुलिस निरीक्षक निरपत सिंह लोधी के नेतृत्व में अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा संयुक्त रूप से स्कूली बच्चों का परिवहन करने वाले ऑटो रिक्शा, वैन एवं अन्य वाहनों की सघन जांच की गई। जांच के दौरान वाहनों में निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी बैठाने, फिटनेस, परमिट, बीमा एवं ड्राइविंग लाइसेंस सहित आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई। साथ ही बच्चों को परिवहन करने वाले ऑटो एवं अन्य वाहनों में निर्धारित मापदंड के अनुरूप सुरक्षा जाली, गेट एवं अन्य सुरक्षा उपकरणों की भी जांच की गई। जांच के दौरान कमियां पाए जाने पर कुल 20 वाहनों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करते हुए 10,500 रूपए का शमन शुल्क वसूला गया। यातायात पुलिस द्वारा स्कूली वाहन चालकों को बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने तथा निर्धारित क्षमता के अनुरूप ही बच्चों का परिवहन करने की समझाइश दी गई।

वाहन में आवश्यक सुरक्षा उपकरण, फर्स्ट एड किट एवं अग्निशमन यंत्र उपलब्ध रखने तथा वाहन की तकनीकी स्थिति दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए। चालकों को वाहन चलाते समय तंबाकू, गुटखा अथवा किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थ का सेवन नहीं करने की हिदायत दी गई। साथ ही वाहनों के ब्रेक, टायर व अन्य तकनीकी सुरक्षा मानकों की नियमित जांच सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया। अभियान के दौरान पुलिस द्वारा वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी भी दी गई। इनमें राह-वीर योजना, कैशलेस उपचार योजना एवं हिट एंड रन प्रतिकर योजना के संबंध में जागरूक किया गया।

राधाष्टमी पर सिरोंज में निकला भव्य चल समारोह, जगह-जगह हुआ पुष्पवर्षा से स्वागत

राधारानी की भव्य शोभायात्रा ने मोहा मन, पाण्डा और गोरिल्ला का नृत्य बना आकर्षण का केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

नगर में शनिवार को नेमा समाज द्वारा राधाष्टमी महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास, श्रद्धा और भक्ति भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुबह से ही मंदिरों में धार्मिक आयोजनों का सिलसिला शुरू हो गया था। इसके बाद दोपहर 2 बजें के आसपास में कठाली बाजार स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर से राधारानी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। आकर्षक रूप से सजे रथ, भक्ति गीतों पर थिरकते युवा, डांडिया नृत्य और जगह-जगह नागरिकों द्वारा की गई पुष्पवर्षा ने पूरे नगर को भक्तिमय बना दिया।



आकर्षक साज-सज्जा से सजा राधारानी का रथ

नगर के कठाली बाजार स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर से राधारानी की भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। राधारानी के रथ को फूलों एवं विभिन्न प्रकार की सजावटी सामग्री से आकर्षक रूप से सजाया गया था। रथ की भव्य साज-सज्जा देखते ही बन रही थी। रथ के आगे विभिन्न वाद्य यंत्रों की धुन पर श्रद्धालु भक्ति भाव में आगे बढ़ रहे थे, वहीं पीछे बड़ी संख्या में समाजजन राधारानी के रथ को अपने हाथों से खींचते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा में शामिल युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। युवा भजनों और धार्मिक गीतों की धुन पर झूमते हुए चल रहे थे। वहीं यात्रा के दौरान डांडिया नृत्य भी आकर्षण का प्रमुख केन्द्र रहा। श्रद्धालुओं ने भक्तिमय वातावरण में डांडिया खेलते हुए राधारानी के प्रति अपनी आस्था प्रकट की।

पग-पग पर हुआ राधारानी का स्वागत : राधारानी की शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई राधाकुण्ड स्थित राधा निकुंज धाम पहुंचकर सम्पन्न हुई। शोभायात्रा के मार्ग में नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर राधारानी का स्वागत किया। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने राधारानी की आरती उतारी और पूजा-अर्चना की। विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों द्वारा भी शोभायात्रा का स्वागत किया गया। शोभायात्रा के दौरान पूरा मार्ग राधारानी के जयकारों और भक्ति गीतों से गूंजता रहा। श्रद्धालुओं में ऐसा उत्साह नजर आया कि कई लोग शोभायात्रा के साथ-साथ पैदल चलते हुए राधाकुण्ड तक पहुंचे। नगरवासियों ने भी घरों और प्रतिष्ठानों के बाहर खड़े होकर राधारानी के रथ के दर्शन किए और पुष्प अर्पित किए।

राधाकुण्ड पर हुई विशेष पूजा-अर्चना और महाआरती

शोभायात्रा के राधाकुण्ड पहुंचने के बाद राधा निकुंज धाम पर विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। इसके बाद महाआरती हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर राधारानी के दर्शन किए। मंदिर परिसर में नेमा समाज द्वारा आकर्षक झांकी भी सजाई गई, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र बनी रही। राधाष्टमी के अवसर पर पूरे दिन राधाकुण्ड पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। दूर-दूर से आए भक्तों ने राधारानी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर में दिनभर धार्मिक माहौल बना रहा।

छप्पन भोग और विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

राधाष्टमी महोत्सव के तहत राधा निकुंज धाम पर छप्पन भोग भी लगाया गया। विभिन्न प्रकार के व्यंजनों से सजे छप्पन भोग को श्रद्धालुओं ने श्रद्धा के साथ निहारा। पूजा-अर्चना एवं महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। नेमा समाज द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राधाष्टमी महोत्सव के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें समाज के बच्चों, युवाओं एवं अन्य वर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं और धार्मिक आयोजनों के चलते दिनभर राधाकुण्ड परिसर में चहल-पहल बनी रही।



पाण्डा और गोरिल्ला के नृत्य ने खींचा लोगों का ध्यान

शोभायात्रा में पाण्डा और गोरिल्ला की ड्रेस पहने व्यक्तियो की आकर्षक प्रस्तुति ने विशेष रूप से लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा। इनके नृत्य को देखने के लिए रास्ते में बड़ी संख्या में बच्चे, युवा और परिवार रुके नजर आए। पाण्डा और गोरिल्ला की प्रस्तुति भी लोगों के लिए कौतूहल का विषय रही। बच्चे उत्साह के साथ इनके फोटो और वीडियो बनाते दिखाई दिए। चल समारोह में इन आकर्षक प्रस्तुतियों के चलते जगह-जगह भीड़ जमा हो गई। विशेषकर बच्चों में पाण्डा और गोरिल्ला को लेकर काफी उत्साह देखने को मिला। धार्मिक आयोजन के साथ मनोरंजक प्रस्तुतियों ने शोभायात्रा को और भी आकर्षक बना दिया।

सुबह प्रभात फेरी से शुरू हुआ सिलसिला

राधाष्टमी महोत्सव की शुरुआत सुबह प्रभात फेरी के साथ हुई। समाजजन धार्मिक ध्वज एवं राधारानी के जयकारों के साथ नगर के विभिन्न मार्गों से निकले। प्रभात फेरी के दौरान भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय हो गया। सुबह से शुरू हुआ धार्मिक आयोजनों का सिलसिला दोपहर में निकली भव्य शोभायात्रा और शाम तक चले कार्यक्रमों के साथ जारी रहा। राधाष्टमी महोत्सव में नेमा समाज के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

विश्वकर्मा जयंती समारोह में माला पहनाकर सम्मानित किया

वरिष्ठ पत्रकार राजीव जैन सैनानी का हुआ सम्मान



उत्कृष्ट पत्रकारिता व समाज सेवा के लिए जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

भगवान विश्वकर्मा जयंती के उपलक्ष्य में नगर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान सामाजिक एकता, संस्कृति और प्रतिभाओं के सम्मान की परंपरा देखने को मिली। इसी क्रम में विश्वकर्मा समाज द्वारा नगर के वरिष्ठ एवं अधिमान्य पत्रकार राजीव जैन सैनानी का विशेष सम्मान किया गया। समाजजनों ने उन्हें फूलमाला पहनाकर तथा पारंपरिक पगड़ी धारण कराकर सम्मानित किया। विश्वकर्मा समाजजनों ने कहा कि पत्रकार राजीव जैन सैनानी लंबे समय से क्षेत्र में सक्रिय रहकर पत्रकारिता के माध्यम से आमजन की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने सामाजिक,धार्मिक,शैक्षणिक एवं जनहित से जुड़े विषयों को अपनी लेखनी के माध्यम से प्रमुखता से स्थान दिया है। उनकी पत्रकारिता में स्थानीय मुद्दों के साथ-साथ समाज में सकारात्मक संदेश देने वाले समाचारों को भी महत्व दिया जाता है।

जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी...

समाजजनों ने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ है और स्थानीय स्तर पर पत्रकारों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। ऐसे में राजीव जैन सैनानी द्वारा लगातार जनहित के मुद्दों को सामने लाना तथा समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय रहना सराहनीय है। इसी भावना के साथ विश्वकर्मा समाज की ओर से उन्हें सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करते हुए राजीव जैन सैनानी ने विश्वकर्मा समाजजनों का आभार व्यक्त किया। वहीं वरिष्ठ पत्रकार राजीव जैन सैनानी ने कहा कि पत्रकारिता उनके लिए केवल समाचार संकलन और प्रकाशन का माध्यम नहीं, बल्कि समाज और आमजन की आवाज को जिम्मेदारी के साथ सामने रखने का माध्यम है। समाज द्वारा दिए गए इस सम्मान से उन्हें जनहित एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों पर और अधिक जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में समाजजनों ने भगवान विश्वकर्मा का पूजन-अर्चन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक एकजुटता, आपसी भाईचारे और समाज के विकास को लेकर भी चर्चा हुई। इस दौरान राजीव जैन सैनानी का सम्मान कार्यक्रम में मौजूद लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र रहा। समाजजनों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में भी इसी तरह पत्रकारिता एवं समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय योगदान देने की अपेक्षा व्यक्त की।

सूचना मिलते ही सक्रिय हुई दीपनाखेड़ा पुलिस

नाबालिग बालिका को पुलिस ने किया दस्तयाब

बस स्टैंड से सकुशल बरामद की बालिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

थाना दीपनाखेड़ा पुलिस ने नाबालिग बालिका के गुम होने की सूचना पर तत्परता और संवेदनशीलता दिखाते हुए महज चार घंटे में उसे सकुशल दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से परिजनों ने राहत की सांस ली। जानकारी के अनुसार शनिवार दोपहर करीब 11 बजे फरियादी ने थाना दीपनाखेड़ा पहुंचकर सूचना दी कि उसकी 13 वर्षीय नाबालिग पुत्री को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल अपराध क्रमांक 146/26, धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर बालिका की तलाश शुरू कर दी। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका तिवारी एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्रीमती सोनू डाबर के मार्गदर्शन में थाना दीपनाखेड़ा पुलिस की टीम गठित कर अलग-अलग स्तर पर तलाश शुरू की गई।

पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों, उपलब्ध जानकारी एवं मुखबिर तंत्र की मदद से संभावित स्थानों पर लगातार तलाश की। इसी दौरान पुलिस को बालिका के सिरोंज बस स्टैंड पर होने की जानकारी मिली। पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर लिया। इसके बाद आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूरी करते हुए बालिका को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से जहां नाबालिग बालिका को सुरक्षित उसके परिवार तक पहुंचाया गया, वहीं घटना की सूचना मिलते ही पुलिस द्वारा सक्रियता से की गई कार्रवाई की भी सराहना की जा रही है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक के.के. पवार, प्रधान आरक्षक दयाराम, प्रधान आरक्षक दीपक सेंगर, आरक्षक अमित खेमरिया, आरक्षक गिर्राज एवं आरक्षक देवेंद्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



गायत्री मंडल का गठन कर यज्ञ की व्यवस्थाओं पर हुई चर्चा



सिरोंज। ऋषियों की परंपराओं को पुनर्जीवित करने तथा भारतीय संस्कृति और संस्कारों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा पालीवाल गार्डन में दो दिवसीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को लेकर एक दिन पूर्व पालीवाल होटल में बैठक आयोजित की गई, जिसमें यज्ञ की तैयारियों एवं विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ के सफल आयोजन के लिए गायत्री मंडल का गठन किया गया। साथ ही यज्ञ स्थल की व्यवस्था, श्रद्धालुओं की सहभागिता, कलश यात्रा, दीप यज्ञ, प्रसादी वितरण सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर जिम्मेदारियां तय की गईं।

बैठक में सिरोंज गायत्री परिवार के सदस्यों के साथ विदिशा से पहुंची गायत्री परिवार की टीम, शहर के वरिष्ठ नागरिक एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। आयोजन के तहत शाम 4 बजे माता मंदिर, पालीवाल कॉलोनी से कलश यात्रा प्रारंभ होकर पालीवाल गार्डन स्थित यज्ञ स्थल पहुंचेगी। इसके पश्चात शाम 6 बजे यज्ञ परिसर में दीप यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। दीप यज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। वहीं प्रातः 9 बजे से पालीवाल गार्डन परिसर में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा।

उत्तम मार्दव धर्म के अवसर पर लिया जिनवाणी का लाभ

दशलक्षण पर्व के द्वितीय दिवस पर हुआ श्री तत्वार्थ सूत्र का वाचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

दशलक्षण पर्व के पावन अवसर पर जैन समाज द्वारा धार्मिक आयोजनों का क्रम श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ जारी है। पर्व के द्वितीय दिवस उत्तम मार्दव धर्म के अवसर पर श्री तत्वार्थसूत्र जी के वाचन का पुण्य लाभ श्रद्धालुओं को प्राप्त हुआ।

धार्मिक आयोजन श्री 1008 पार्श्वनाथ जिनालय पंचखनी मंदिर जी में श्री पार्श्वनाथ भगवान की छत्रछाया एवं वंदनीय निर्मला दीदी जी के सानिध्य में सानंद संपन्न हुआ। इस अवसर पर श्री तत्वार्थसूत्र जी के दस अध्यायों का वाचन किया गया। प्रथम पांच अध्यायों का वाचन करने का सौभाग्य राजकुमार गुरधानी को प्राप्त हुआ, जबकि बाद के पांच अध्यायों का वाचन श्रीमती सुधा जैन गुरधानी द्वारा किया गया। श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव एवं एकाग्रता के साथ जिनवाणी का श्रवण किया।



दशलक्षण पर्व के प्रत्येक दिवस जैन धर्म के दस धर्मों का महत्व बताया जाता है। इसी क्रम में द्वितीय दिवस उत्तम मार्दव धर्म के माध्यम से मान, अहंकार एवं अभिमान का त्याग कर विनम्रता, सरलता और आत्मशुद्धि के मार्ग पर चलने का संदेश दिया गया। मंदिर परिसर में हुए इस धार्मिक आयोजन से श्रद्धालुओं में उत्साह एवं भक्ति का वातावरण बना रहा। समाजजनों ने भगवान पार्श्वनाथ के दर्शन कर धर्मलाभ लिया तथा दशलक्षण पर्व के दौरान नियमित रूप से धार्मिक आयोजनों में सहभागिता करने का संकल्प लिया।

नाबालिग को भगाने वाला फरार, पुलिस कर रही दोनों की तलाश



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

शनिवार 19 सिंतबर को पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई जिसमें नाबालिग को घर से बहला फुसलाकर सुरेन्द्र आदिवासी ले गया है। लड़की के पिता निवासी मेहरागांवकलां ने अपनी पत्नि के साथ थाना में उपस्थित होकर मौखिक रिपोर्ट किया कि मैं उपरोक्त पते पर रहता हूं, मेहनत मजदूरी करता हूँ। मेरी दो लड़कियां और एक लड़का है। मेरी बड़ी नाबालिग लडकी जिसकी उम्र 17 वर्ष है। 17 सितंबर गुरूवार के रात करीबन 10 बजे मैं, मेरी पत्नि और बच्चे सभी खाना खाकर सो गये थे करीबन 11 बजे मेरी पत्नी ने मुझे जगाया और बताया कि बड़ी बेटी अपने बिस्तर पर नहीं है। फिर मैंने और मेरी पत्नि ने अपनी लड़की की तलाश आसपास, रिश्तेदारी एवं संभावित स्थानों रिश्तेदारी में पता किया कोई जानकारी नहीं मिली। मेरी लड़की घर का मोबाइल अपने साथ लेकर गई है। मेरी लड़की को गांव का ही सुरेन्द्र आदिवासी बहला फुसलाकर ले गया है। पुलिस ने प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

स्वस्थ्य जीवन शैली में पोषण का महत्व बताया



बरेली। पोषण जागरूकता अभियान अंतर्गत सेवा भारती ने 19 सितंबर को पीएमश्री कन्या उमावि में कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें विद्यालय की 130 किशोरी बालिकाओं ने भाग लिया। पहले चरण में छात्राओं को स्वस्थ्य जीवन शैली में पोषण का महत्व बताया। इसके पश्चात ओजस हास्पिटल बरेली की डॉक्टर मानसी खरे ने किशोरियों में एनीमिया के लक्षण, कारण और समाधान पर जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं से संवाद कर समस्याओं को सुना और समाधान भी किया। अगले चरण में छात्राओं और स्टॉफ की ऊंचाई और शरीर भार के अनुपात को दर्शाने वाली बीएमआई जांच की गई। जांच में केवल 25 प्रतिशत छात्रायें ही स्वस्थ स्थिति में पाई गई, शेष छात्रायें कम वजन (अंडरवेट) की श्रेणी में थी। यह स्थिति स्वास्थ्य एवं सुपोषण के प्रति अज्ञानता एवं उदासीनता को दर्शाती है। शाला प्राचार्य यू एस अहिरवार ने पोषण के प्रति जागरूक करने के लिए विद्यालय स्तर से भी कार्यक्रम करने का आश्वासन दिया अंतिम चरण में छात्राओं को कुपोषण के कारण एवं इससे बाहर निकलने की जानकारी देने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की। छात्राओं से पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी प्रश्न पूछे।

गणेश अथाई में भक्ति संगीत-नृत्य प्रतियोगिता ने बांधा समां

सिरोंज। गणेश उत्सव के अवसर पर शुक्रवार रात्रि गणेश अथाई में आयोजित भक्ति संगीत एवं नृत्य प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं और दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान गणेश के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। प्रतियोगिता में शहर के अलग-अलग क्षेत्रों से 24 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतिभागियों ने भक्ति गीतों एवं नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में अद्विका भावसार ने प्रथम, चिंकी जोगी ने द्वितीय तथा कनिष्का श्रीवास्तव ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में श्रीमती कमला चौरसिया, नलिनी जैन एवं अंकिता शर्मा शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष कृष्ण बिहारी पांडे ने की एवं मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू उपस्थित रहे।

दीनदयाल परिसर में हुआ सामूहिक रूप से दीया जलाने का कार्यक्रम

पीएम मोदी के बेमिसाल सेवा संकल्प के 25 वर्षः पटेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76 वे जन्म दिवस पर नगर परिषद द्वारा दीनदयाल परिसर पर सामूहिक रूप से दीया जलाने का भव्य कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल के साथ नगर परिषद के अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी भाजपा के नेताओं, कार्यकर्ताओं पार्षदों अधिकारियों, कर्मचारियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों और महिलाओं द्वारा सामूहिक रूप से दीया जलाकर प्रधानमंत्री मोदी को आशीर्वाद एवं उनके 25 वर्षों में किये गए देश के विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया गया।



सेवा संकल्प के बेमिसाल कार्यः कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने क्षेत्र में हो रहे विकास निर्माण कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी का विराट व्यक्तित्व दूरदर्शी सोच उसी के अनुसार 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के प्रयास और तेजी से कार्य किये जा रहे हैं। पटेल ने कहा कि किसानो, युवाओं,महिलाओं, गरीबों, मजदूरों को आत्मनिर्भर बनाने मोदी जी की सरकार और प्रदेश की भाजपा सरकार ने अनेक योजनाएं शुरू कर सभी का साथ सभी का विकास सभी का विश्वास और सम्मान सामाजिक समरसता के लिए कार्य किये जा रहे हैं। गणेश उत्सव के दौरान हुई घटना पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि विघ्नहर्ता की कार्यक्रम में विघ्न डालने वाले अब माफी मांग रहे हैं। ऐसे कार्यों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

एक साथ जले सैकड़ों दीपक-मोदी जी के जन्मदिन पर आयोजित सामूहिक रूप से दीया जलाने के कार्यक्रम में समाज के सभी वर्ग के लोगों की उपस्थिति रही। एक साथ सैकड़ों दीया जलाकर मोदी जी के जन्मदिन पर आशीर्वाद देने और आभार के लिए लोगों में भारी उत्साह का माहौल बना रहा।

कार्यालय फीनिक्स बायो सीड्स एण्ड प्रोसेस्ड फूड को-ऑपरेटिव सोसायटी, कुरवाई जिला विदिशा (म.प्र.)

पंजीयन क्रमांक : DR/VDS/917/29.03.2014

:: वार्षिक आमसभा की सूचना ::

बीजोत्पादक समिति के सभी अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आमसभा की बैठक दिनाँक 26/09/2026 को समय दोपहर 1:00 PM बजे समिति के पंजीकृत कार्यालय पर आयोजित की जाना है, जिसमें समिति के समस्त सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य है, कोरम के अभाव में 30 मिनिट पश्चात् समिति कार्यालय पर पुनः बैठक आयोजित की जावेगी प्रत्येक सदस्य जो आम सभा की सूचना अलग से भी जारी की गई है, बैठक का एजेंडा प्रत्येक सदस्य को प्रत्यक्ष रुप से सदस्यों के पते पर भेजा गया है।

प्रबंधक / अध्यक्ष

फीनिक्स बायो सीड्स एण्ड प्रोसेस्ड फूड को-ऑपरेटिव सोसायटी, कुरवाई जिला विदिशा (म.प्र.)

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी मर्यादित (बी पैक्स) धतूरिया

शाखा - गुलाबगंज

पंजीयन क्रमांक -520/25.02.95 दिनांकः 14.09.2026

:: वार्षिक आमसभा सूचना पत्र ::

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति के समस्त अंशधारी सदस्यों का सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आमसभा दिनांक 28.09.2026 दिन सोमवार को दोपहर 12.30 बजे समिति गोदाम भवन धतूरिया में आयोजित की गई है। गणपूर्ति कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित साधारण सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर 1/2 घंटे पश्चात् होगी । समस्त सदस्यों को साधारण डाक से सूचना दी गई है। बैठक में आपकी उपस्थिति आवश्यक है।

समिति प्रबंधक — जसवंत सिंह मीणा

समिति प्रशासक — श्री किशोर कुमार अहरवाल

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मेरे पक्षकार ने आप श्री बाबू खाँ पुत्र श्री अब्दुल समद जाति मुसलमान निवासी- वार्ड 10 झूलनपीर के सामने विदिशा म.प्र. के एकाकी स्वामित्व व आधिपत्य की सिंचित भूमि कस्बा विदिशा प.ह.नं. पुराना 67 नया 02 कस्तूरबा वार्ड के वार्ड क्रमांक 02 जतरापुरा अंदर सीमा नगरपालिका विदिशा म.प्र. में आराजी कमांक 1435 रकवा 0.554 हे. स्थित है, जिसकी चतुसीमायें पूर्व में-विचंद्रशेखर आदि की भूमि, पश्चिम दिशा में-मोहनसिंह मीना आदि की भूमि, उत्तर में कलाबाई की भूमि, दक्षिण में-विश्वेश्वर शास्त्री की भूमि को बयाना राशि अदा कर क्रय करने का विक्रय अनुबंध पत्र निष्पादित करा लिया है, जिसका शीघ्र ही विक्रय पत्र निष्पादित किया जाना है, यदि उक्त भूमि के स्वत्व संबंधी एवं किसी भी बैंक, वित्तीय संस्था किसी भी शासकीय अशासकीय या भू-भाटक या किसी व्यक्ति विशेष का कोई ऋणभार बकाया या किसी व्यक्ति या संस्था के पक्ष में कोई अनुबंध पत्र, करार, रहननामा हो अथवा कोई भी व्यक्ति या संस्था को उक्त वर्णित भूमि के स्वत्व बावत् हित रखता हो या उसे उक्त भूमि के विक्रय में कोई आपत्ति हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर अपनी मय दस्तावेजो सहित लिखित आपत्ति मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी ओर से दर्ज करा सकते है अन्यथा समयावधि गुजरने के पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का रजिस्टर्ड विक्रय पत्र का निष्पादन करा लिया जावेगा और फिर इसके बाद किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। अतः सूचित हो।

भवदीय कालूराम मैना एडवोकेट
कार्या. पता- एल.बी.एस. नगर लिंक रोड
क्रमांक 01 विदिशा म.प्र. मो. नं. 9425148730

In The Court Of II Civil Judge Class-I, Sironj District Court, Vidisha

Presiding Officer : प्रियंका कुशवाह

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000002/2026)

थान सिंह शर्मा ..... आवेदक

Vs

सर्व साधारण ..... अनावेदक

Process Id- /2026

पेशी दिनांक :- 26/10/2026

प्रेषिती- 1. सर्व साधारण पता - जिला विदिशा 2. आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक क. 1- थानसिंह शर्मा एवं क. 2 मोहनलाल पुत्रगण स्व. श्री धर्मचंद शर्मा एवं अना. क्रं 3 खिम्मो बाई पत्नि श्री धर्मचंद निवासीगण ग्राम- मोतीपुर तहसील लटेरी जिला विदिशा म.प्र. ने मृतक झुन्नीलाल पुत्र धर्मचंद शर्मा निवासी ग्राम मोतीपुर तहसील लटेरी जिला विदिशा म.प्र. जिनका स्वर्गवास दिनांक 18-01-2018 को हो गया हैं। झुन्नीलाल अविवाहित एवं कोई संतान भी नहीं हैं। स्व. झुन्नीलाल आवेदक क्रं. 1 व 2 का बड़ा भाई एवं आवेदक क्रं 3 का पुत्र था। आवेदकगण के अतिरिक्त अन्य कोई उत्तराधिकारी नहीं हैं। स्व. झुन्नीलाल के भारतीय स्टेट बैंक शाखा लटेरी में खाता क्रं. 32374776025 था जिसमें के.सी.सी. की राशि एवं सेटेलमेंट एमाउन्ट की राशि 2,88,641/- रुपए जमा है। आवेदक क्र. 1 व 2 की सहमति से आवेदक क्रं. 3 खिम्मोबाई पत्नि धर्मचंद द्वारा उक्त राशि/सम्पत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 26 October 2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 26 October 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 16 September 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायाधीश सुश्री प्रियंका कुशवाह
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड
तहसील सिरोंज जिला विदिशा (म.प्र.)

3 माह से बजट अटका, 75 हजार बच्चों के मिड-डे मील पर संकट

जिले के 2040 प्राइमरी-मिडिल स्कूलों में भोजन व्यवस्था पर पड़ रहा असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन



जिले के 2040 शासकीय प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में पढ़ने वाले 75 हजार 545 बच्चों के मध्याह्न भोजन पर संकट खड़ा हो गया है। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत जुलाई, अगस्त और सितंबर का बजट नहीं मिलने से अधिकांश स्कूलों में मध्याह्न भोजन व्यवस्था प्रभावित हो रही है। दूसरी ओर भोजन पकाने वाले रसोइयों को भी करीब तीन माह से मानदेय नहीं मिला है।

ऐसे में रसोइये और महिला स्व-सहायता समूह उधारी में राशन खरीदकर बच्चों को भोजन कराने की स्थिति में नहीं हैं। इधर, शहरी और ग्रामीण क्षेत्र की आंगनबाड़ियों में संचालित सांझा चूल्हा योजना पर भी इसका असर पड़ने की बात सामने आई है। खाद्यान्न और गैस सिलेंडर के लिए भुगतान नहीं होने तथा उधारी बढ़ने से महिला स्वसहायता समूहों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। इसी समस्या को लेकर मप्र स्वसहायता समूह महासंघ जिला इकाई रायसेन ने एसडीएम मनीष शर्मा के माध्यम से कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा को ज्ञापन सौंपकर बजट और मानदेय तत्काल जारी करने की मांग की है। ज्ञापन संघ के अध्यक्ष सुनीता मनोज शर्मा, ओमप्रकाश सिंह बघेल और प्रतिभा शुक्ला के नेतृत्व में दिया गया।

4 हजार मानदेय, वह भी तीन माह से अटका

मध्याह्न भोजन बनाने के लिए स्कूलों में रसोइयों की व्यवस्था की गई है। बच्चों की दर्ज संख्या के आधार पर रसोइयों की संख्या तय होती है। 26 से 100 बच्चों तक दो रसोइयों की व्यवस्था है, जबकि इससे अधिक संख्या होने पर प्रत्येक 100 बच्चों पर एक रसोइया रखा जाता है। प्रत्येक रसोइये को शासन की ओर से 4 हजार रुपए प्रतिमाह मानदेय दिया जाता है, लेकिन पिछले तीन माह से मानदेय नहीं मिलने के कारण रसोइयों के सामने भी आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। रसोइयों का कहना है कि कम मानदेय में भी वे बच्चों के लिए भोजन तैयार करते हैं। लेकिन यदि समय पर भुगतान नहीं होगा तो परिवार का खर्च चलाना मुश्किल हो जाता है। कई बार आवेदन और मांग के बावजूद भुगतान नहीं होने से उनमें नाराजगी है।

तीन महीने से बजट नहीं, उधारी भी बंद

जिले में करीब 2002 महिला स्व-सहायता समूह मध्याह्न भोजन व्यवस्था से जुड़े हैं। समूहों का कहना है कि अब तक वे उधारी पर खाद्यान्न, किराना और अन्य जरूरी सामग्री खरीदकर बच्चों के लिए भोजन तैयार कराते रहे, लेकिन लगातार तीन माह से भुगतान नहीं होने के कारण दुकानदारों ने भी उधारी देना बंद कर दिया है। इससे कई स्कूलों में भोजन बनना बंद हो गया है।जबकि कुछ स्कूलों में व्यवस्था जैसे-तैसे चल रही है। समूहों से जुड़े लोगों का कहना है कि बच्चों को भोजन उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी उनकी है। लेकिन जब शासन से बजट ही नहीं मिलेगा तो वे लगातार अपनी जेब से खर्च कर व्यवस्था कैसे चलाएंगे। पहले से बढ़ते कर्ज के कारण महिला समूह आर्थिक दबाव में हैं।

75,545 बच्चों को मिलता है भोजन

रायसेन जिले में 2040 प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं में कुल 75 हजार 545 बच्चों को मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराया जाता है। प्राथमिक स्कूलों में प्रति छात्र 6.78 रुपए और माध्यमिक स्कूलों में 10.17 रुपए के हिसाब से भोजन का बजट निर्धारित है। समूहों का कहना है कि वर्तमान महंगाई में इस राशि में निर्धारित मीनू के अनुसार भोजन तैयार करना पहले से ही चुनौतीपूर्ण है। अब बजट जारी नहीं होने से स्थिति और गंभीर हो गई है।

अभिभावक स्कूल पहुंचे जताई नाराजगी

मध्याह्न भोजन मिड डे मील नहीं बनने की जानकारी मिलने पर कुछ स्कूलों में अभिभावक भी पहुंचे और नाराजगी जताई। स्कूल प्रभारियों ने उन्हें बताया कि बजट और रसोइयों का मानदेय नहीं मिलने से भोजन व्यवस्था प्रभावित हुई है। समूहों द्वारा विरोध किए जाने के कारण भी कई जगह खाना नहीं बन पा रहा है। अभिभावकों का कहना है कि मध्याह्न भोजन केवल बच्चों को खाना उपलब्ध कराने की योजना नहीं है। बल्कि इससे स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति और पोषण व्यवस्था भी जुड़ी है। इसलिए सरकार को बजट जारी कर स्कूलों में नियमित भोजन व्यवस्था बहाल करनी चाहिए। महिला स्व सहायता समूहों की मांग है कि शासन तत्काल तीन माह का लंबित बजट और रसोइयों का मानदेय जारी करे। ताकि नियमित मध्यान्ह भोजन मिल सके।

7 माह का था गर्भ, सीडब्ल्यूसी को दी सूचना

बाल विवाह का मामला, नाबालिग ने मृत बच्चे को दिया जन्म, कार्रवाई करने की तैयारी जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिला अस्पताल में एक 16 वर्षीय नाबालिग के 7 माह के मृत बच्चे को जन्म देने का मामला सामने आया है। नाबालिग के प्रसव की जानकारी मिलते ही जिला अस्पताल प्रबंधन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) को सूचना दी। सूचना मिलते ही समिति की टीम जिला अस्पताल पहुंची और नाबालिग से बातचीत कर प्रारंभिक जांच शुरू की। बाल कल्याण समिति की जांच में नाबालिग के बाल विवाह की जानकारी सामने आई है। समिति के मुताबिक नाबालिग की शादी करीब तीन साल पहले रायसेन जिले के एक गांव में हुई थी। इसके पहले भी करीब एक साल पूर्व उसका चार माह का गर्भ गिरने की जानकारी सामने आई है। अब समिति पूरे मामले की जांच कर रही है।

इयूटी डॉक्टर ने अस्पताल प्रबंधन को दी जानकारी

जिला अस्पताल में इयूटी पर मौजूद स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर दीपक गुप्ता को नाबालिग के प्रसव की जानकारी मिली। बच्ची ने 7 माह के मृत बच्चे को जन्म दिया था। डॉक्टर गुप्ता ने तत्काल अस्पताल प्रबंधन को इसकी सूचना दी। इसके बाद जिला अस्पताल प्रबंधन ने बिना देरी किए बाल कल्याण समिति को जानकारी दी।सूचना मिलने पर बाल कल्याण बोर्ड समिति के अध्यक्ष आदित्य चावला और समिति की सदस्य ममता पटेल जिला अस्पताल पहुंचे। टीम ने नाबालिग से बातचीत कर पूरे मामले की जानकारी जुटाई और आगे की कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार नाबालिग मूल रूप से भोपाल क्षेत्र की रहने वाली है और करीब तीन साल पहले उसका विवाह गैरतगंज क्षेत्र के एक गांव में हुआ था। समिति अब यह पता लगाने में जुटी है कि नाबालिग का विवाह किन परिस्थितियों में और किन लोगों की मौजूदगी में कराया गया था। विवाह के समय उसकी उम्र कितनी थी, कौन-कौन लोग शामिल थे। इसकी भी जांच की जा रही है।

दोषियों पर कई धाराओं में होगी कार्रवाई

बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष आदित्य चावला ने बताया कि मामला सामने आते ही टीम जिला अस्पताल पहुंची थी। नाबालिग से बातचीत के बाद बाल विवाह की बात सामने आई है। मामले की गंभीरता से जांच की जाएगी। जांच में जो भी लोग दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ बाल विवाह और पॉस्को एक्ट समेत लागू अन्य कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को जानकारी दी जाएगी।

अस्पताल प्रबंधन ने तत्काल सीडब्ल्यूसी को दी सूचना

सिविल सर्जन डॉ. अनिल ओड ने बताया कि इयूटी डॉक्टर से जानकारी मिलते ही अस्पताल प्रबंधन ने तत्काल बाल कल्याण समिति को सूचित कर दिया था। अब मामले में आगे की कार्रवाई बाल कल्याण समिति और संबंधित अधिकारियों द्वारा की जाएगी।

अनियंत्रित होकर बाइक से गिरा युवक, 112 ने अस्पताल पहुंचाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर



शनिवार को ग्राम मुक्तापुर निवासी अनिल पाल अपनी मोटरसाइकिल से जा रहे थे, जैसे ही वह सलामतपुर थाने के सामने पहुंचे, अचानक उनकी मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ गया। जिससे वह सड़क पर जा गिरे। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची डायल 112 वाहन की पुलिस टीम ने उपचार के लिए तुरंत घायल अनिल को सांची अस्पताल ले जाने की व्यवस्था की। अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों की टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए घायल अनिल पाल का प्राथमिक उपचार शुरू किया। प्राथमिक जांच के बाद डॉक्टरों ने बताया कि समय पर अस्पताल लाए जाने की वजह से स्थिति नियंत्रण में है।

ओवरटेक के दौरान भिड़ीं दो बाइक, एक घायल

दीवानगंज। भोपाल-विदिशा हाईवे पर शनिवार को कुल्हड़िया और कर्क रेखा के बीच इंडियन पेट्रोल पंप के समीप ओवरटेक करते समय दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में दोनों मोटरसाइकिल चालक घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बुलेट सवार चालक सड़क पर गिर गया, जबकि स्प्लेंडर सवार अनियंत्रित होकर करीब पांच फीट गहरी खाई में जा गिरा। ग्रामीण और राहगीरों ने खाई में गिरे चालक तथा मोटरसाइकिल को बाहर निकाला। दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए भेजा गया।

सिंघोरी अवैध सागौन पर छापेमारी, 20 नग लकड़ी और कार जब्त

कार्रवाई के दौरान तस्करों ने किया वन अमले पर पथराव, छत से कूदकर आरोपी हुए फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन/बाड़ी



सिंघोरी अभ्यारण्य के बाड़ी वन परिक्षेत्र में वन विभाग ने अवैध सागौन लकड़ी के खिलाफ बड़ी छापेमार कार्रवाई की है। सिंधी कैंप इलाके में वन अमले ने छापामार कार्रवाई कर अवैध रूप से रखी और परिवहन की जा रही 20 नग सागौन लकड़ी बरामद की। मौके से परिवहन में इस्तेमाल कार क्रमांक एमपी 04 सीजे 9814 जब्त की है।

कार्रवाई के दौरान मौके पर मौजूद आरोपियों ने वन अमले पर पथराव शुरू कर दिया। वन विभाग के अनुसार आरोपी छत से कूदकर पथराव करते हुए मौके से फरार हो गए। बाद में वन अमले ने पुलिस की मौजूदगी में जब्त लकड़ी और वाहन को वन परिक्षेत्र कार्यालय पहुंचाया और प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू की। मुखबिर की सूचना पर बनाई गई संयुक्त टीम वन विभाग को बाड़ी के सिंधी कैंप क्षेत्र में अवैध सागौन के संग्रहण और परिवहन की सूचना मिली थी। इसके बाद वनमंडल कार्यालय ओबेदुल्लागंज के अधिकारियों के निर्देशन में बाड़ी, बम्होरी, बिनेका, सुल्तानपुर और चिलवाहा वन परिक्षेत्र के वन अमले की संयुक्त टीम गठित की गई। कार्रवाई के दौरान बाड़ी थाना पुलिस को भी सूचना दी गई और पुलिस बल मौके पर बुलाया गया। तलाशी वारंट के साथ टीम ने सिंधी कैंप बाड़ी निवासी दरवेश पिता गुलाब सिंह उर्फ चूचा, सुरेश पिता गुलाब सिंह और बग्गा पिता थाकन सिंह के घरों पर छापा मारा। तलाशी के दौरान यहां से 20 नग सागौन लकड़ी बरामद हुई। वन विभाग के अनुसार लकड़ी का कुल घनत्व 0.378 घनमीटर है।

इनका कहना है...

अवैध सागौन के संग्रहण और परिवहन की सूचना पर संयुक्त टीम ने कार्रवाई की थी। मौके से 20 नग सागौन और एक कार जब्त की गई है। कार्रवाई के दौरान पथराव कर आरोपी मौके से फरार हुए हैं। मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

जितेंद्र सिंह तोमर, प्रभारी एसडीओ, वन विभाग

तुलसीपार में स्कूल पहुंच मार्ग पर रिपटा निर्माण की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ बेगमगंज

ग्राम तुलसीपार में मैन मार्ग से शासकीय स्कूल तक पहुंचने वाले मार्ग पर ग्रामीणों ने रिपटा निर्माण की मांग उठाई है। बारिश के दौरान रास्ते पर पानी जमा होने और जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से स्कूली बच्चों, शिक्षकों और ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल तक पहुंचने वाला यह मार्ग बच्चों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, लेकिन बरसात में रास्ते की स्थिति खराब हो जाती है। बच्चों को परेशानी के बीच स्कूल पहुंचना पड़ता है।

संस्था प्रमुख सहित ग्रामीणों अजहर मोहम्मद, मुकेश कुशवाहा, अरुण गोर राजा सेन, आदि ने एसडीएम प्रियंका भलावी को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि स्कूल पहुंच मार्ग पर जल्द से जल्द आवश्यक स्थान पर रिपटा बनाकर आवागमन सुलभ कराया जाए, ताकि स्कूल स्टाफ सहित बच्चों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके। ग्रामीणों को उम्मीद है कि प्रशासन इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए मौके का निरीक्षण कर जल्द निर्माण कार्य शुरू कराएगा।

खेड़ापति माता मंदिर के परिक्रमा मार्ग पर अवैध कब्जे से आक्रोश, वार्डवासियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गैरतगंज



नगर के वार्ड क्रमांक-12 गैरतपुर (बूढ़ागज) में स्थित अति प्राचीन श्री खेरापति माता मंदिर के परिक्रमा मार्ग पर कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा किए जाने का मामला सामने आया है। इस अतिक्रमण के चलते धार्मिक आयोजनों और पर्वों के दौरान आवागमन बाधित हो रहा है, जिससे वार्डवासियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। वार्डवासियों ने बताया कि यह मंदिर क्षेत्र की आस्था का बड़ा केंद्र है। वर्ष 2025 में वार्डवासियों के आपसी सहयोग से लगभग 5 लाख रुपये की लागत खर्च कर इस मंदिर का भव्य जीर्णोद्धार कराया गया था। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि मंदिर से सटे सार्वजनिक परिक्रमा मार्ग पर कुछ दबंगों द्वारा अनावश्यक निर्माण कर रास्ता रोका जा रहा है। मार्ग अवरुद्ध होने के कारण श्रद्धालुओं को मंदिर की परिक्रमा करने में भारी परेशानी हो रही है। गणेश उत्सव और दशहरा पर निकलने वाली झांकियों का मार्ग पूरी तरह बंद हो गया है।

वार्डवासियों ने इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुविभाग गैरतगंज को एक ज्ञापन सौंपकर उचित कार्रवाई की गुहार लगाई है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो क्षेत्र में आपसी विवाद और तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। वार्डवासियों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर परिक्रमा मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है।

इनका कहना है...

कुछ लोगों द्वारा जबरन अवैध निर्माण कर माता मंदिर के परिक्रमा मार्ग को अवरुद्ध किया जा रहा है जिसके बाद वार्डवासियों के साथ थाना प्रभारी गैरतगंज और एसडीएम गैरतगंज को ज्ञापन दे कर निष्पक्ष जांच करवाने हेतु निवेदन किया है जिससे आगामी भविष्य में वार्ड में विवाद की स्थिति न बने।

भगवानदास रजक, वार्ड 12 पार्षद गैरतपुर गैरतगंज

जैन मंदिर में आज होगी बच्चों की भाषण प्रतियोगिता

रायसेन। सृजन युवा पत्रकार संघ भोपाल के तत्वावधान में अतिशयकारी श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर रायसेन में भगवान महावीर स्वामी के जीवन दर्शन पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। संघ के प्रांतीय अध्यक्ष संजय जैन ने बताया कि बच्चों के बीच भाषण प्रतियोगिता रखी गई है। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा। यह कार्यक्रम 20 सितंबर, रविवार को रात 8 बजे से आयोजित होगा। कार्यक्रम के दौरान आमंत्रित अतिथियों और समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान भी किया जाएगा।

सेवा अभियानः वृद्धाश्रम परिसर में अफसरों ने थामी झाड़ू, दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन



सेवा से संकल्प अभियान पखवाड़े के तहत शनिवार को नगर पालिका रायसेन के अधिकारी-कर्मचारियों ने महात्मा गांधी वृद्धाश्रम परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। शहरी आजीविका मिशन की सिटी मैनेजर रानी तिवारी के नेतृत्व में नपा अमले ने खुद झाड़ू थामी और परिसर की साफ-सफाई की। अभियान के दौरान कर्मचारियों ने परिसर में फैले कचरे और गंदगी को हटाया। देखते ही देखते वृद्धाश्रम का पूरा परिसर साफ-सुथरा नजर आने लगा। अधिकारियों और कर्मचारियों ने सफाई के साथ लोगों को स्वच्छता बनाए रखने का संदेश भी दिया।

सिटी मैनेजर रानी तिवारी ने कहा कि सेवा से संकल्प अभियान पखवाड़े के दौरान अलग-अलग गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य केवल सार्वजनिक स्थानों की सफाई करना नहीं।बल्कि लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना भी है। नगर पालिका अमले ने सामूहिक रूप से श्रमदान करते हुए संदेश दिया कि सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखना केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं।

त्योहार के मद्देनजर फ्लैगमार्च निकाला, एसडीएम व एसडीओपी ने किया श्रीगणेश झांकियों का अवलोकन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बेगमगंज

श्रीगणेश उत्सव महोत्सव को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों द्वारा फ्लैगमार्च निकाला गया ओर सार्वजनिक स्थलों पर विराजमान श्रीगणेश प्रतिमाओं की झांकियों का भी अवलोकन किया। एसडीएम प्रियंका भलावी, एसडीओपी सोनाली गुप्ता थाना प्रभारी राजीव उइके नायब तहसीलदार विक्रम सिंह राजपूत सहित पुलिसकर्मियों द्वारा थाना प्रांगण से फ्लैग मार्च निकाला गया जोकि सागर भोपाल मुख्य मार्ग से होते हुए में नया बस स्टैंड, पुराना बस स्टैंड, मेन रोड, गांधी बाजार, कबीट चौराहा, बजरिया चौराहे से चल समारोह मार्ग पक्का फाटक जैसे मार्गों से फ्लैग मार्च करता हुआ निकला। इस दौरान एसडीएम प्रियंका भलावी, एसडीओपी सोनाली गुप्ता, थाना प्रभारी राजीव उइके, नायब तहसीलदार विक्रम सिंह राजपूत द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर स्थापित श्रीगणेश प्रतिमाओं की झांकियां एवं पंडालों का अवलोकन किया।

राधा जन्म महोत्सव समिति के तत्वावधान में राधा महोत्सव मनाया

राधारानी के रंग में रंगा बाड़ी, शोभायात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाड़ी



नगर के राधा वल्लभ मंदिर से जुड़ी वर्षों पुरानी धार्मिक परंपराओं को जीवंत रखते हुए राधा जन्म महोत्सव समिति के तत्वावधान में 19 सितंबर को 26वां राधा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नगर की गलियों में राधारानी की भक्ति और जयकारों की गूंज सुनाई दी। श्रद्धालु राधारानी के रंग में रंगने को आतुर नजर आए। राधा वल्लभ मंदिर बाड़ी की धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं का प्रमुख केंद्र रहा है। वृंदावन की तर्ज पर यहां भोग आरती तथा अंतिम भोग श्रीकृष्ण को अर्पित करने की परंपरा आज भी श्रद्धा के साथ निभाई जाती है। इन्हीं परंपराओं को आधार बनाकर राधा महोत्सव समिति द्वारा लगातार राधा जन्म महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। नगर के आस्था केंद्र बालाजी धाम पर सुबह से ही नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। दोपहर करीब 3 बजे विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होने के बाद मनमोहक रथ में राधारानी की भव्य झांकी सजाई गई। राधारानी की यह झांकी शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण रही। लगभग 3 किलोमीटर लंबी शोभायात्रा के मार्ग में सामाजिक, राजनीतिक एवं व्यापारिक संगठनों सहित नगरवासियों द्वारा स्वागत द्वार बनाए गए। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने राधारानी की आरती उतारकर पुष्पवर्षा से स्वागत किया।

शोभायात्रा बालाजी धाम, वार्ड कॉलोनी, तहसील कार्यालय, नया बस स्टैंड, चिंतामन चौराहा एवं मंगलवार बाजार से होती हुई राधा वल्लभ मंदिर पहुंची। यात्रा में कीर्तन-भजन मंडलियों के साथ बैंड-बाजे, ढोल-नगाड़े और घोड़े आकर्षण का केंद्र रहे।